# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 34 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com





आर.ओ. नं.-46653/27


# भाजपा नेता के यहां से 5 लाख का धान जब्त, कार्रवाई दौरान मिलती रही धमकियां

## कार्रवाई दौरान बनी स्थिति का वीडियो इंटरनेट मीडिया की सुर्खियां बना





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर में एक भाजपा नेता के निवास पर अवैध धान भंडारण की सूचना पर नायब तहसीलदार ने प्रशासन की टीम के साथ औचक छापामार कार्रवाई गुरुवार को की, इस दौरान अधिकारी को कई प्रकार की धमकियों और बातों का सामना करना पड़ा। कार्रवाई नहीं करने के लिए दबाव बनाया गया। यहां तक कि कार्रवाई में लगे लोगों को शटर के अंदर बंद करने का प्रयास भी किया गया। हालांकि नेताजी जो स्वयं अधिवक्ता भी हैं, उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए जानकारी लेकर जब्ती बनाने कहा, वरना कोर्ट में जाने की बात भी कही थी। किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा है। जब्त धान लगभग पांच लाख रुपये का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक सीतापुर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व अधिवक्ता सुनील गुप्ता के निवास पर अवैध धान भंडारण की सूचना मिली थी। सूचना देने वाले ने बताया था कि बुधवार की रात 2 ट्रकों में धान भाजपा नेता के यहां पहुंचा हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार की दोपहर सीतापुर के नायब तहसीलदार तुषार मानिक व राजेश यादव के नेतृत्व में टीम इनके निवास पर छापामार कार्रवाई की। इसकी सूचना किसी माध्यम से भाजपा नेता को मिली तो वे मौके पर पहुंच गए और टीम को धमकाना शुरु कर दिए। इनके द्वारा जानकारी लेकर जब्ती बनाने कहा गया, साथ ही आपके जैसे पांच आदमी रोज हमारे पास आते हैं। बड़े अधिकारी, कलेक्टर और आईएएस तक आते हैं। जब फंसते हैं तो हमारे पास ही आते हैं, कहते हुए वे अधिकारियों को खरी-खोटी सुना रहे थे। इनकी बातों को सुनकर नायब तहसीलदार ने ढंग से बात करने के लिए कहा तो उन्होंने कहा मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा, मैं तो जान-बूझकर यहां आया। शुरु में जब्ती बनाने से भी आपको नहीं रोका, तेल मालिश भी नहीं किया। फिर भाजपा नेता ने कहा कि मेरा क्या होगा, 2-3 लाख का माल ही जाएगा न। करोड़पति बन जाऊंगा इससे, लेकिन इस तरह से करोगे तो बाजा बजा दूंगा। चाहे कहीं भी रहो, सिर्फ सीतापुर ही नहीं। कार्रवाई का विरोध करते हुए सुनील गुप्ता ने नायब तहसीलदार से कहा कि आप लोगों से मैंने अपना व्यवहार कभी खराब नहीं किया, आज मजबूरी में करना पड़ रहा है। इस दौरान वह कहते रहे जब्ती नहीं बनेगा। इधर नायब तहसीलदारों ने धान जब्ती की प्रक्रिया पूरी की।

# भाटापारा में रियल इस्पात प्लांट में ब्लास्ट, 6 मजदूरों की मौत, कई गंभीर



**छ.ग.फ्रंटलाइन रायपुर।** भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम बकुलाही में रियल इस्पात संयंत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है। क्लिनिकल बार्नेस के दौरान हुए इस ब्लास्ट में छह मजदूरों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भाटापारा ग्रामीण पुलिस और बलौदा बाजार से पुलिस दल मौके के लिए रवाना हो गए। घायलों को भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

### मंत्री ने जताया शोक

बलौदाबाजार जिले के भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के बकुलाही में हुए इस दर्दनाक हादसे पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि क्लिनिकल फर्नेस (एक तरह की भट्ठी) में हुए विस्फोट में श्रमिकों की मौत अत्यंत दुखद है। मंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### घायलों का चल रहा इलाज

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए सिम्स, बिलासपुर में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घायलों को हर संभव उत्तम और त्वरित चिकित्सा सुविधा मिले, ताकि उनके इलाज में कोई कमी न रहे। उन्होंने बलौदाबाजार कलेक्टर से भी इस मामले पर बात की है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर जरूरी मदद करेगी।

### कई किलोमीटर तक दिखा धुआं

विस्फोट इतना जोरदार था कि आसमान में कई मीटर ऊपर तक काले धुएं का गुबार उठ गया था। बिल्डिंग की दीवारें भी काली हो गई थीं। परिसर में चारों ओर राख और जला हुआ कोयला बिखरा पड़ा था। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम जारी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### विद्या मंदिर में वसंत पंचमी पर होगी मां सरस्वती की आराधना

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रतापपुर रोड में कलेक्टर बंगला के पीछे स्थित विद्या मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 फरवरी को वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा विधिविधान से दिन में 11.30 बजे शुरू होगी। संध्या आरती एवं सरस्वती वंदना का आयोजन शाम को 6 से 8 बजे तक होगा।

# कांग्रेस के अल्टीमेटम के बाद शुरू हुआ फेस केवाईसी

## नेता प्रतिपक्ष ने जताया आभार, हजारों वंचित होंगे लाभान्वित



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** फिंगर केवाईसी विफलता के कारण राशन से वंचित किए गए हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों द्वारा कलेक्टर को दिए गए अल्टीमेटम पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फेस केवाईसी की सुविधा शुरू कर दी है। जिला खाद्य अधिकारी ने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद को फोन पर जानकारी दी कि तत्काल प्रभाव से फेस केवाईसी की व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब वे सभी हितग्राही जिनका नाम फिंगर केवाईसी नहीं होने के कारण राशन कार्ड से कट गया था, फेस केवाईसी कराकर पुनः राशन प्राप्त कर सकेंगे। इस फैसले से विशेष रूप से बुजुर्गों, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा मेहनतकश श्रमिकों को राहत मिलेगी, जिनकी उंगलियों की पहचान मशीनों में नहीं हो पा रही थी। शफी अहमद ने बताया कि प्रभावित हितग्राही अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान या निर्धारित केंद्र पर जाकर फेस केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने इस त्वरित निर्णय के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस पार्षद दल ने जिले के सभी प्रभावित नागरिकों से अपील की है कि वे फेस केवाईसी की सुविधा का लाभ लेकर राशन प्राप्त करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर खाद्य विभाग अथवा जनप्रतिनिधियों से संपर्क करे सकते हैं।

# आबकारी अमले को देखकर एक स्कार्पियो से छलांग लगाकर भागा, दूसरा पकड़ाया

## 600 नग नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार आरोपी जेल दाखिल




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नशीले इंजेक्शन के सौदागरों के विरूद्ध लगातार जारी कार्रवाई के बीच संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने 600 नग नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर को बुधवार की रात गिरफ्तार किया। जब्त किए गए इंजेक्शन का बाजार भाव तीन लाख रुपये है। जानकारी के मुताबिक 21 जनवरी को सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने रात्रि गस्त के दौरान सांडबार वन देवी मंदिर रोड में एक काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन को संदिग्ध अवस्था में सड़क के नीचे खड़ा देखा। जैसे ही आबकारी टीम की वाहन मौके पर रूकी, एक व्यक्ति स्कॉर्पियो वाहन से उतरकर अंधेरे में भाग गया, दूसरे व्यक्ति को भागने का मौका नहीं मिल पाया, इसे टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में वह अपना नाम राम बिहारी कुर्रे निवासी ग्राम बंधा, थाना लखनपुर का होना बताया। आबकारी की टीम को उसके पास काले रंग के पिट्ठू बैग मिला। तलाशी लेने पर उसमें 300 नग रेक्सोजेसिक और 300 नग एविल इंजेक्शन मिला। टीम ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार करके विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स अंबिकापुर में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के साथ विभाग के प्रधान आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह, नीरज चैहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जनवरी 2026 में तीसरी बड़ी कार्रवाई

जनवरी 2026 में उड़नदस्ता टीम की नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नशीले इंजेक्शन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम किया जा रहा है। नशे के सौदागरों पर कोई दया नहीं दिखाई जाएगी। सरगुजा संभाग को नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप, टेबलेट, गांजा जैसे नशीले पदार्थों से मुक्त कराने को लक्ष्य लेकर काम करने का निर्देश उन्होंने पूरी टीम को दिया है। उन्होंने कहा कि नशे के व्यापार में लगे लोगों को ऐसे कारोबार से दूर रहने की हिदायत वे इंटरनेट मीडिया के माध्यम से निरंतर देते आ रहे हैं, इसके बाद भी लोग इस अवैध कारोबार से दूरी नहीं बना पा रहे हैं। इसका खामियाजा उनके परिवार को किसी न किसी परेशानी के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

# सटोरिये के घर से छह लाख से अधिक नकद, जेवरात, सहित कई दस्तावेज जब्त

## रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सटोरिये को न्यायालय में किया पेश



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुणे महाराष्ट्र में एयरपोर्ट के पास से गिरफ्तार शहर के सट्टा कारोबारी आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा के तीन दिवसीय रिमांड की अवधि गुरूवार को पूरी हो गई है। कोतवाली पुलिस ने चार दिन पूर्व काफी दिनों से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था और अंबिकापुर लेकर आई थी और अग्रिम जांच विवेचना के लिए न्यायालय से रिमांड पर लिया था। पुलिस की जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, ऐसे में पुलिस टीम उसे एक बार पुनः रिमांड पर ले सकती है। रिमांड अवधि में की गई जांच कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह लाख रुपये से अधिक नकद राशि, काफी मात्रा में सोना-चांदी के जेवरात और जमीन, गाड़ी से संबंधित कागजात जब्त किया है। इधर जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं आईटी एक्ट के मामले की विवेचना दौरान आरोपी के मोबाइल में मिले वाट्सअप चैट व फोन पे हिस्ट्री के आधार पर उसके साला संतोष कश्यप व मोन्टी सोनी उर्फ मुरलीधर सोनी को भी पुलिस ने एक दिन पहले ही गिरफ्तार किया है। तकनीकी जांच में इन्हें फरार आरोपी आयुष सिन्हा को छिपाने व संश्रय देने के साथ लगातार मदद करना पाया गया।

बता दें कि शहर के सट्टा किंग आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर अग्रिम जांच, कार्रवाई के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि में पुलिस ने सटोरिये के सभी संभावित व सामने आए ठिकानों पर वृहद सर्च अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस सटोरिये दीप सिन्हा को लेकर जब उसके सत्तीपारा स्थित घर में पहुंची, तो उसके परिवार के सदस्य घर में ताला लगाकर निकल लिए थे, जिससे पुलिस के समक्ष उहापोह की स्थिति बन गई। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में वैधानिक प्रक्रिया पूरी करके सट्टा किंग आयुष उर्फ दीप सिन्हा के घर का ताला तोड़वाया और आरोपी के मौजूदगी में उसके घर को खंगालकर नकद राशि, जमीन व वाहन के कागजात, जेवरात सहित अन्य कई दस्तावेज बरामद किया है। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद भी पुलिस की जांच अभी भी कई बिंदुओं पर पूरी नहीं हो पाई है, ऐसे में पुलिस आयुष उर्फ दीप सिन्हा को एक बार फिर रिमांड में ले सकती है। आयुष उर्फ दीप सिन्हा देशभर में सट्टा का अवैध कारोबार करते आ रहा था और काफी संपत्ति हासिल किया। पुलिस आरोपी के करोड़ों रुपये की संपत्ति के विरूद्ध भी ठोस कदम उठा सकती है।




# सीएससी प्रमुख की उपस्थिति में एसएचजी, बैंक सखी एवं व्हीएलई की बैठक संपन्न

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के तत्वावधान में एक एक दिवसीय एसएचजी, बैंक सखी एवं सीएससी वीएलई का बैठक सीएससी राज्य प्रमुख श्री जयनारायण पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर टेली लॉ योजना, के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ करना था।

बैठक में जिले के अंतर्गत कार्यरत सभी सीएससी व्हीएलई, बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम में राज्य प्रमुख श्री जयनारायण पटेल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि टेली लॉ योजना भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से समाज के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद नागरिकों को नि:शुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने सभी सीएससी वीएलई को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक हितग्राहियों को टेली लॉ योजना के बारे में जानकारी दें, पात्र लाभार्थियों का पंजीयन कराकर लोगों को इस सेवा का अधिकतम लाभ दें। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम संबंधी समस्याएं, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं अन्य कानूनी विषयों में टेली लॉ के माध्यम से विशेषज्ञ वकीलों से परामर्श प्राप्त किया जा सकता



है। इससे ग्रामीण नागरिकों को समय और धन की बचत के साथ-साथ न्याय तक सुलभ पहुंच मिलती है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्हीएलई अपने क्षेत्र में लक्ष्य आधारित पंजीयन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में टेली लॉ योजना की पहुंच व्यापक स्तर पर हो सके। इस दौरान बीसी सखी एवं स्व-सहायता समूह के सदस्यों को भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में सीएससी की अन्य प्रमुख सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, श्रम कार्ड, पेंशन योजनाएं, बैंकिंग सेवाएं, बीमा, डिजिटल प्रमाण पत्र, एवं अन्य ई-गवर्नेंस सेवाएं शामिल हैं।

**बीमा, टूर एंड ट्रैवल, टेली लॉ एवं ग्रामीण ई-स्टोर सेवाओं की जानकारी**

बैठक के दौरान राज्य स्तर से विभिन्न सेवाओं के लिए नोडल संपर्क व्यक्तियों की जानकारी भी साझा की गई, ताकि व्हीएलई को सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने राज्य स्तर से बीमा सेवा के लिए श्री प्रदीप कुमार (7587038683), टूर एंड ट्रैवल सेवा हेतु श्री राहुल सोनी (9755639585), टेली लॉ सेवा हेतु श्री राहुल वर्मा (8770551382), ग्रामीण ई-स्टोर सेवाएं हेतु श्री पुष्पेंद्र वर्मा (7987121676) संपर्क नंबर भी साझा किया गया, जिसके माध्यम से व्हीएलई बीमा पॉलिसी, यात्रा सेवाएं, कानूनी परामर्श एवं ग्रामीण ई-कॉमर्स से जुड़ी सेवाओं का बेहतर संचालन कर सकेंगे तथा ग्रामीण नागरिकों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध करा पाएंगे। बैठक में बीसी सखी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए उन्हें वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान व्हीएलई द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए एवं जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। सीएससी टीम द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उपस्थित सभी से समन्वय, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सीएससी सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने अपील भी की गई।

# कसलगिरी धान समिति केंद्र में 544 किसानों ने किया रकबा समर्पण



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कसलगिरी में स्थित धान समिति केंद्र में पिलखा नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि अब तक 544 किसानों द्वारा 37.507 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया जा चुका है। वहीं आज हल्का पटवारी द्वारा सात किसानों के टोकनों का सत्यापन किया गया, जिसमें 473.8 क्विंटल धान से संबंधित 9.000 हेक्टेयर रकबे के टोकन को धान समिति केंद्र में जमा कर पावती प्राप्त की गई। संबंधित किसानों को नियमानुसार रकबा समर्पण करने के निर्देश दिए गए।

**कसकेला में 230 क्विंटल धान का रकबा समर्पित**

कसकेला गांव में रामप्रसाद पैकरा के यहां राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी की उपस्थिति में धान का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान मौके पर मात्र 70 क्विंटल धान पाया गया, जबकि किसान द्वारा कुल 300 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन कटाया गया था। जांच में अंतर पाए जाने पर किसान द्वारा 27 एवं 29 जनवरी के टोकन के विरुद्ध 230 क्विंटल धान का रकबा समर्पण फॉर्म मौके पर ही भरा गया। समर्पित रकबे से संबंधित दस्तावेज कसलगिरी धान समिति केंद्र में जमा कर पावती प्राप्त की गई।

# असंगठित कामगार व कर्मचारी संघ का संदीप जिलाध्यक्ष नियुक्त



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज की सहमति पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर द्वारा प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की नई सूची जारी की है। जारी सूची में संगठन का सुरजपुर जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा को लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही तपन सिकदार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

# निधन लखमुना देवी



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल माइनर्स कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी लखमुना देवी का निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र रमाशंकर पांडेय ने दी। वे शिक्षक गौरीशंकर पांडेय व रमाशंकर पांडेय की माता थीं।

## हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित होगा श्रीराम टावर, हुआ भूमिपूजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष महोत्सव को यादगार बनाने विश्व हिन्दू परिषद सूरजपुर, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी बिश्रामपुर के सदस्यों की उपस्थिति में महाप्रबंधक कार्यालय के समीप सौ फिट ऊंचे श्री राम टावर स्थापना का भूमिपूजन गुरुवार को संपन्न हुआ। संगठन के प्रहलाद निषाद एवं रचना सिंह ने बताया कि अंबेडकर चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम टावर की स्थापना सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से



किए जाने का निर्णय पिछले दिनों लिया गया था। जिसमें लगभग 100 फीट ऊंचे श्री राम टावर स्थापना के लिए आज भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। इस टावर के माध्यम से क्षेत्र में सुबह शाम श्री हनुमान चालीसा पाठ लाउडस्पीकर के माध्यम से होगा साथ ही इसी ऊंचाई पर भगवा ध्वज भी स्थापित किया जाएगा। आज भूमिपूजन के अवसर पर संगठन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित गणमान्य जन उपस्थित हो आयोजन के साक्षी बने।

# डेडरी में श्रीराम लला का तृतीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा से मना



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत डेडरी में श्रीराम लला के तृतीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। आयोजन कमेटी द्वारा यहां पर अखंड रामायण पाठ कराया गया, जिसका समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ।

समापन अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरा गांव राममय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों को भी प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन कमेटी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों के सम्मान में मुख्य अतिथि सूरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह के हाथों भगवा गमछा वितरित किए गए। वहीं जो बुजुर्ग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके, उनके लिए सूची तैयार कर घर-घर भगवा गमछा पहुंचाने की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि स्वाति संत सिंह ने कहा कि सरपंच के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में निरंतर श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होना निश्चित ही भगवान श्रीराम की कृपा का परिणाम है। यह आयोजन लोगों को भक्ति और संस्कारों की ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने आयोजन को आगे भी निरंतर जारी रखने की अपील करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा नेता संत सिंह, संध्या सिंह, प्रमिला प्रजापति, अंबिका राजवाड़े, सरस्वती शिशु मंदिर के संचालक वासुदेव चक्रधारी, सरपंच कामता प्रताप सिंह, जनपद सदस्य घूरन सिंह, यादव प्रसाद, शैलेन्द्र सोनी, बबलू गुरुजी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## यात्री बस की चपेट में आया बाइक सवार, रायपुर रेफर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर गुरुवार को अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ की ओर जा रही तेज रफ्तार की डॉल्फिन बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ जा रहे डॉल्फिन बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0356 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिश्रामपुर अम्बेडकर चौक के पास बाइक सवार रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर चौक निवासी विशाल गुप्ता को अपनी चपेट में ले लिया।विशाल अपने बच्चे को स्कूल छोड़ कर घर लौट रहा था। दुर्घटना में बाइक सवार विशाल गुप्ता के सिर व कमर में गंभीर चोट आई है।पुलिस ने दुर्घटनाकारित बस को जब्त कर थाने में खड़ी करा दिया है। बस को राजकुमार सोनवानी चला रहा था। बिश्रामपुर पुलिस मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बोर्ड परीक्षा तैयारियों की समीक्षा हेतु प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों की बैठक आयोजित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.आर. यादव के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलरामपुर के सभागार में विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षा, त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा के संस्थावार परिणामों तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जा चुका है। वर्तमान में मिशन-40 दिन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिदिन रिवीजन कक्षाएं एवं सह-शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**उल्लास मेला की पूर्व तैयारियों पर हुई चर्चा**

बैठक में उल्लास मेला की पूर्व तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते



हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री यादव ने समस्त ग्राम प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे डोर-टू-डोर सर्वे कर 25 जनवरी 2026 तक सभी साक्षरों का चिन्हांकन करें तथा 26 जनवरी 2026 को ग्राम स्तर पर आयोजित उल्लास मेला में इसकी घोषणा सुनिश्चित करें।

**प्रतिदिन चेक-इन/चेक-आउट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश**

जिला शिक्षा अधिकारी ने बी.एस.के. एप में समस्त शिक्षकों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने तथा प्रतिदिन चेक-इन/चेक-आउट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रवृत्ति से संबंधित समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लंबित ई-केवाईसी के निराकरण हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

अपार आईडी हेतु जन्म प्रमाण पत्र प्रक्रिया पर दिया गया प्रशिक्षण

अपार आईडी जनरेट करने में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए तहसीलदार बलरामपुर श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा सभी प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने की समस्त प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संकुलों में पात्र छात्र-छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन संकुल स्तर पर ही पूर्ण करें, ताकि फार्म पूर्ण होने पर एक ही दिन में तहसील में पालकों को बुलाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी कराया जा सके। इससे आधार कार्ड में सुधार कर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की अपार आईडी जनरेट की जा सकेगी।

**परीक्षा पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

समस्त संस्था प्रमुखों को परीक्षा पूर्व विद्यालयों में फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए। साथ ही उन्होंने सरगुजा ओलंपिक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का पंजीयन सुनिश्चित कराने की बात भी कही।

बैठक में जिला परियोजना अधिकारी (साक्षरता) श्री हीरालाल पटवा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर श्री संजु कनौजिया, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक (साक्षरता) श्री अनिल तिवारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बलरामपुर श्री सुरेश सिंह सहित विकासखण्ड के समस्त प्राचार्य,

# कलेक्टर ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में धान खरीदी को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने तथा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत पस्ता, राजपुर अंतर्गत राजपुर, सेवारी एवं विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत जमड़ी धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गेट पंजी, धान खरीदी पंजी, निरीक्षण पंजी एवं बारदाना पंजी का अवलोकन किया। साथ ही टोकन, अब तक की गई धान खरीदी एवं उठाव संबंधी जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक से धान तौलाई, धान के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान के गुणवत्ता का भी परीक्षण किया तथा नमी की जांच भी की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कटारा ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी पंजीकृत किसानों से नियमानुसार धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने किसानों से साफ-सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान ही विक्रय हेतु लाने की बात कही, जिससे खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने समिति प्रबंधक से धान की समुचित जांच के उपरांत ही गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुरूप धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक एवं संबंधितों को धान खरीदी केंद्र में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर सतत निगरानी रखने आवश्यक निर्देश भी दिए।

# ओरसा घाट बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों एवं घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर स्थित ओरसा घाट के समीप हुई दु:खद बस दुर्घटना पर स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के विशेष प्रयासों और संज्ञान के बाद, मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से दुर्घटना में मृतक और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है।



ज्ञातव्य है कि 18 जनवरी 2026 को इस भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने शोक प्रकट करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया है। श्री नेताम की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा इस दु:खद घड़ी में प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु मृतकों के परिजनों को 05-05 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। हादसे में घायल हुए यात्रियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके बेहतर इलाज के लिए 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की है। साथ ही जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न हो और उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मुख्यमंत्री से चर्चा की और राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है, हम प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव शासकीय मदद सुनिश्चित की जा रही है।

# मेडिसिटी विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि:चार माह में जमीन लीज और रजिस्ट्री पूरी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।नवा रायपुर को देश के प्रमुख हेल्थकेयर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में देश के प्रतिष्ठित बॉम्बे हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर और नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के मध्य 15 एकड़ भूमि के लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता नवा रायपुर में प्रस्तावित मेडिसिटी के विकास को नई गति देगा। यह परियोजना न केवल राज्य के हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करेगी, बल्कि निवेश के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की तेज और भरोसेमंद प्रशासनिक कार्यप्रणाली का भी उदाहरण बनेगी। राज्य सरकार द्वारा 24 सितंबर 2025 को निवेश आमंत्रण जारी किए जाने के बाद मात्र चार माह के भीतर भूमि चिन्हांकन, आवश्यक स्वीकृतियां और रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर ली गई, जो अपने आप में एक नया बेंचमार्क है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित 15 एकड़ भूमि पर बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट द्वारा लगभग 680 करोड़ की लागत से 300 बिस्तरों का अत्याधुनिक मल्टी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्थापित किया जाएगा। यह अस्पताल ट्रस्ट का देश में चौथा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल होगा। इससे पूर्व मुंबई, इंदौर और जयपुर में ट्रस्ट के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल के माध्यम से कार्डियक साइंसेज, कैंसर उपचार,



न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, क्रिटिकल केयर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट सहित कई उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।इसके प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मुंबई या दिल्ली जैसे महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस परियोजना से 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें डॉक्टर, सर्जन, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल टेक्नीशियन शामिल होंगे। इसके साथ ही हेल्थकेयर सप्लाई चेन, सेवाओं और सहयोगी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार भी उत्पन्न होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि बॉम्बे हॉस्पिटल की स्थापना से नवा रायपुर में मेडिसिटी का सपना साकार होने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया गया है।उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के नागरिकों को अपने ही राज्य में विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के निरंतर विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। बॉम्बे हॉस्पिटल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का नवा रायपुर में निवेश करना राज्य की नीतिगत स्थिरता, तेज निर्णय क्षमता और निवेशक-अनुकूल वातावरण पर विश्वास का प्रमाण है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024झ30 के अंतर्गत स्वास्थ्य जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहनों और समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष परिणाम है।इससे नवा रायपुर को सेंट्रल इंडिया के प्रमुख हेल्थकेयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ श्री चंदन कुमार, बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं चेयरमैन श्री भरत तापड़िया, सचिव श्री श्याम जी सहित ट्रस्ट एवं शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम: विकासखण्ड रामानुजनगर में घर-घर सर्वे जारी



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रामानुजनगर - कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सूरजपुर एस जयवर्धन के निर्देशन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी एस लकड़ा के आदेशानुसार तथा बीपीओ रविनाथ तिवारी के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 2025झ26 के अंतर्गत ग्राम पंचायत, ग्राम, पारा, मोहल्ला एवं टोला स्तर पर घर-घर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 वर्ष से अधिक आयु के उन व्यक्तियों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है, जिन्होंने अब तक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025झ26 में प्रदेश को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मार्च 2026 में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मूल्यांकन परीक्षा प्रस्तावित है।

# बेटे को न्याय दिलाने सिटी कोतवाली के सामने धरने पर बैठे तहसीलदार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सारंगढ़, बिलाईगढ़ ।सारंगढ़ सिटी कोतवाली के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब कोरबा में पदस्थ तहसीलदार बंदे राम भगत धरने पर बैठ गए। तहसीलदार ने कलेक्टर के गार्ड पर अपने पुत्र राहुल भगत के साथ गालीगलौज और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। तहसीलदार के अनुसार, यह घटना 20 जनवरी की है, जब कलेक्टर के गार्ड ने उनके पुत्र के साथ मारपीट की, जिससे राहुल भगत के कान का पर्दा फट गया। इसके बावजूद 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सारंगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही




कोई ठोस कार्रवाई की। तहसीलदार बंदे राम भगत का कहना है कि वे लगातार पुलिस से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ एक थाने से दूसरे थाने के चक्कर लगवाए जा रहे हैं।न्याय न मिलने से आहत होकर उन्होंने सिटी कोतवाली के सामने धरने का रास्ता अपनाया है। धरने की सूचना मिलते ही थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। खबर लिखे जाने तक तहसीलदार धरने पर डटे हुए हैं और पुलिस की ओर से एफआईआर को लेकर कोई आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। मामला अब जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के लिए संवेदनशील बनता जा रहा है।

# रायपुर के कारोबारियों से करोड़ों की ठगी : तंजानिया में फर्जी गोल्ड माइन दिखाकर फंसाया...

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।रायपुर में करोड़ों की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।तंजानिया में गोल्ड माइन में पार्टनर बनाने का झांसा देकर दो कारोबारियों से 1 करोड़ 90 लाख रुपये की ठगी की गई है। पीड़ितों की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।मोती बाग इलाके में रहने वाले कारोबारी समर्थ बरडिया और मुकुल चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में यश शाह नामक व्यक्ति ने उनसे ऑनलाइन संपर्क किया था। आरोपी ने खुद को तंजानिया में गोल्ड माइन का संचालक बताते हुए खनन व्यवसाय में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का लालच दिया। आरोप है कि यश शाह ने दोनों कारोबारियों को तंजानिया ले जाकर कथित रूप से सोने की खदान दिखाई और खनन से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। भरोसे में लेकर आरोपी ने निवेश के नाम पर उनसे अलग-अलग किश्तों में कुल 1 करोड़ 90 लाख रुपये ऐंठ लिए। पैसे निवेश करने के बाद जब कारोबारियों ने खदान और दस्तावेजों की जांच कराई, तो उन्हें पता चला कि आरोपी न तो किसी गोल्ड माइन का संचालक है और न ही खनन से जुड़ा कोई अधिकृत अधिकारी।

# आबकारी SI भर्ती पर ब्रेक, मंत्री देवांगन बोले: तकनीकी खामी से रद्द हुआ आदेश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ में आबकारी उप निरीक्षक भर्ती को लेकर सरकार ने नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया है।इस फैसले पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि चयन सूची बिना अनिवार्य अनुमोदन जारी हुई थी, जिस कारण यह कदम उठाना पड़ा।उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को जल्द नई सूची जारी करने का भरोसा दिलाया है। इस पूरे मामले पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी चयन सूची का अनुमोदन आबकारी मंत्री और विभागीय सचिव से होना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी किए बिना ही चयन सूची जारी



कर दी गई थी इसलिए आदेश को रद्द करना पड़ा।मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि इस लापरवाही को लेकर आबकारी सचिव को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।पूरी प्रक्रिया को विधिवत पूरा कर एक से दो दिन के भीतर चयन सूची दोबारा जारी कर दी जाएगी। बता दें कि पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2024 की चयन सूची अनुसार अनुशंसित आबकारी उप निरीक्षक पद कार्यालयीन आदेश द्वारा जारी नियुक्ति आदेश तकनीकी कारणों से निरस्त किया जाता हैह्व गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2024 के माध्यम से आबकारी विभाग में आबकारी उप निरीक्षक के पद पर 85 अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु चयनित किया गया था।नए साल की शुरूआत में सभी चयनित अभ्यर्थियों के शारीरिक मापदंडों के परीक्षण, प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना था।

## संदिग्ध हालत में कानपुर रोड किनारे मृत पड़ा मिला मजदूर का शव,

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक मजदूर संदिग्ध हालत में कानपुर रोड किनारे मृत पड़ा मिला।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बरेली जिले के भोजीपुरा थाना अंतर्गत आसपुर प्रीतम राय निवासी रूप सिंह (29) बंथरा थाना क्षेत्र में रहकर पीएनसी कंपनी की निमार्णाधीन साइट कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य में 13 जनवरी से अपने गांव के कुछ लोगों के साथ शटरिंग लगाने का काम करता था। रूप सिंह मंगलवार रात खाना खाकर सो गया और बुधवार सुबह बंथरा स्थित प्रसाद हॉस्पिटल के सामने रोड किनारे मृत हालत में पड़ा मिला। उसे मृत पड़े देख परिचितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब का आदी था और अधिक शराब पीने से ही उसकी मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और चार बच्चे हैं। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी है।

## कार की टक्कर से घायल युवक के पिता ने कार चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों कार की टक्कर से घायल हुए युवक के मामले में उसके पिता ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।जानकीपुरम के सेक्टर - जे निवासी लायकराम शुक्ला केमुताबिकउनका बेटा अनुराग शुक्ला सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रारी गोल्डेन ट्रांसपोर्ट में कार्यरत है। लायक राम का कहना है कि शनिवार को करीब साढ़े तीन बजे अनुराग काम से लौट रहा था, तभी पीछे से आई डिजायर कार (यूपी 32 एलटी 2250) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनुराग का पैर दो जगह टूट गया। आरोप है कि कार चालक नशे की हालत में था और घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

# सड़क हादसों में दर्दनाक मौतों से व्यथित डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में हेलमेट अभियान की घोषणा की

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं के बच्चों की असमय मृत्यु से अत्यंत दुःखी होकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोकने हेतु एक सशक्त सड़क-सुरक्षा पहल की घोषणा की है। हाल ही में हुई दो हृदयविदारक घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डाल दिया है भाजपा बूथ अध्यक्ष गुड़िया गौतम के 18 वर्षीय पुत्र राहुल मात्र एक किलोमीटर दूर दूध लेने मोटरसाइकिल से गए थे। घने कोहरे के कारण उनकी मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई।सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार महिला मंडल प्रभारी प्रियंका सिंह के 18 वर्षीय भतीजे अनुराग पास की दुकान से समोसा लेने गए थे। सड़क दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी भी मृत्यु हो गई।इन मासूम और युवा जीवनों की क्षति ने पार्टी कार्यकताओं सहित डॉ. राजेश्वर सिंह को व्यक्तिगत रूप से अत्यंत व्यथित किया है। शोक व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने घोषणा की कि उरफ के माध्यम से 1,000 हेलमेट इसी सप्ताह सरोजनीनगर के सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि पार्टी कार्यकर्ता स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें और अपने बच्चों को छोटी दूरी के लिए भी मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।डॉ. सिंह ने कहा, कुछ क्षणों की लापरवाही जीवन भर का दर्द बन जाती है।ये मौतें रोकी जा सकती थीं। बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने देश-प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। भारत में हर वर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.8 लाख से अधिक लोग जान गंवाते हैं, यानी प्रतिदिन लगभग 500 मौतें होती हैं।इन हादसों में करीब 66% मृतकों की उम्र 18 से 34 वर्ष के बीच होती है। उत्तर प्रदेश देश में सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक मौतों वाला राज्य है, वर्ष 2024 में यूपी में 46052 सड़क हादसों में 24,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है।जिनमें राजधानी लखनऊ में करीब 1630 सड़क हादसे दर्ज किए गए। डॉ. सिंह ने अन्य दुखद घटनाओं पर भी शोक व्यक्त किया, जिनमें गलत दिशा से आ रहे डंपर से कुचलकर धीरज शुक्ला के पुत्र की मृत्यु तथा बंथरा में स्कॉर्पियो वाहन से कुचलकर अर्पित त्रिवेदी की मृत्यु शामिल है, जिसमें आरोपी बलवीर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसी घटना में युवती काजल की भी मृत्यु हुई, जो तेज और लापरवाह ड्राइविंग का भयावह परिणाम है।सड़क हादसों के सम्बन्ध में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि वे इस विषय को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर दुर्घटना-संभावित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा लापरवाह व खतरनाक ड्राइविंग के लिए कड़े दंड सुनिश्चित करने की मांग करेंगे।उन्होंने दोहराया कि विकास के साथ-साथ सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है, और युवाओं के जीवन की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह भी उल्लेखनीय है कि मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक माह के दौरान स्वास्थ्य कारणों एवं दुर्घटनाओं में अपने प्रियजनों को खोने वाले 13 से अधिक शोकसंतप्त परिवारों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की, उनका दुःख साझा किया और उन्हें सांत्वना प्रदान की। इस दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्ष गुड़िया गौतम के 1 लाख बैंक ऋण अदायगी सहित 6 परिवारों के बच्चों की शिक्षा हेतु शुल्क प्रतिपूर्ति, एडमिशन, पाठ्य-पुस्तकें एवं भविष्य में सहयोग, 5 जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराने अथवा निजी क्षेत्र में नियुक्ति दिलाने की जिम्मेदारी उठाई।4 अस्वस्थ एवं दिव्यांग व्यक्तियों के समुचित उपचार, अस्पताल में भर्ती, एम्बुलेंस सुविधा एवं आर्थिक सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। 4 मामलों में विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बाल सेवा योजना एवं पारिवारिक लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। अन्य मामलों में सामाजिक सुरक्षा और मानवीय सहायता से जुड़े निर्देश जारी किए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सहयोग से वंचित न रहे।

# अधिवक्ता से अभद्रता पर एस.एस.आई का तबादला

संवाददाता

लखनऊ। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता जय कुमार से अभद्रता करने के आरोपी माल थाना में तैनात दरोगा हरिदास चौरसिया के खिलाफ पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। डीसीपी नॉर्थ ने बुधवार को दरोगा का तबादला करते हुए उन्हें जानकारीपुरम थाने भेज दिया है। कार्रवाई के बाद अधिवक्ताओं में आंशिक संतोष है, हालांकि बार पदाधिकारियों ने इसे नाकाफी बताया। जानकारी के अनुसार, 17 जनवरी को अधिवक्ता जय कुमार निजी भूमि की पैमाइश कराने के लिए माल थाने पहुंचे थे।इसी दौरान एस एसआई हरिदास चौरसिया से उनकी कहासुनी हो गई। अधिवक्ता जय कुमार का आरोप है कि एस एसआई ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट और जेल भेजने की धमकी दी थी।इस घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसीपी मलिहाबाद से शिकायत की थी।इस मामले को लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने 19 जनवरी को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय एसीपी मलिहाबाद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अब डीसीपी नॉर्थ द्वारा दरोगा के स्थानांतरण की कार्रवाई सामने आई है। इस संबंध में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के महामंत्री कमलेश ने कहा कि अधिवक्ता से अभद्रता करने वाले दरोगा को केवल स्थानांतरित करने के बजाय लाइन हाजिर किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि फिर भी उच्च अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई से उम्मीद है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई नहीं जाएंगी। फिलहाल, अधिवक्ता संगठन पूरे मामले पर पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

# पत्नी की तहरीर पर अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज, दो हिरासत में


संवाददाता

लखनऊ। बीते मंगलवार सुबह खड़ता गावँ में ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल (50)का शव गावँ के बाहर मिलने की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी दी।पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।मामले में मृतक के ही परिजनों पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप सामने आया है।मंगलवार सुबह खड़ता और नवीनगर गांव के बीच नहर किनारे शव के ऊपर एक ई-रिक्शा पलटा हुआ मिला था मृतक की पहचान अर्जुन पाल (50) निवासी ग्राम खड़ता, थाना मलिहाबाद के रूप में हुई थी। अर्जुन पाल की पत्नी शिवरानी ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात द्वारा हत्या की आशंका जाहिर की थी। वहीं मृतक के भाई मुन्नू लाल पाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद के चलते अर्जुन पाल की हत्या उसकी पत्नी शिवरानी और दोनों बेटों रूपलाल पाल व राजेंद्र पाल ने घर के अंदर ही लाठी-डंडों और धारदार हथियार से की है। हत्या के बाद सिर से बहते खून को स्टील की टंकी में भरकर शव के पास रख दिया गया था जबकि घर के कमरे और ई-रिक्शा पर खून के छींटे मिले थे कुछ दूरी पर अर्जुन का बिस्तर खून से सना हुआ मिला था। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को ई-रिक्शा में डालकर नहर किनारे ले जाया गया और ई-रिक्शा को शव के ऊपर पलट दिया गया, ताकि मामला हादसा प्रतीत हो। दोनों बेटे हिरासत में बुधवार को पुलिस ने पत्नी शिवरानी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के दोनों बेटे राजेंद्र पाल और रूपलाल पाल जुआ खेलने के साथ आये दिन शराब पीकर मृतक से गाली गलौज करते थे। इन्ही हालात में मृतक की हत्या बेटों द्वारा किए जाने के प्रबल आसार है। बहर हाल बेटों से कड़ाई से पूंछताछ की जा रही है क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हो चुकी है।कुछ शेष बिंदुओं पर जांच के जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा। वहीं बुधवार शाम अर्जुन के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी पार्टी के लोगों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

लखनऊ।समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी पार्टी के लोगों ने महामहिम राज्यपाल महोदया को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया। जिला वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर, जिसमें चबूतरे के चारों तरफ देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की भी मूर्ति को बुलडोजर द्वारा तोड़े जाने के विरोध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया।इस मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी से जुड़े करोड़ों लोगों की भावनायें आहत हुई हैं।इस घटना का समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखनऊ पुरजोर विरोध करती है। इस मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच की जाये और भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो व घाट के साथ




ही लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का पुनः निर्माण कराया जाय एवं दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, एड0 विपिन पाल, रामसेवक पाल, जिला उपाध्यक्ष रामनरेष पाल, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाष यादव, गुरू प्रसाद पाल, आशीष पाल मोनू, हरिप्रसाद लोधी, ज्ञानेन्द्र कुमार ज्ञानू, रामबरन पाल, लालजी यादव, जी0एच0 जैदी, वीरेन्द्र यादव, मोहित पाल, रामसागर पासी, लक्ष्मी नारायन पाल, सुरेश कुमार पाल, मोहित पाल, मनीष यादव, अवशेष कुमार कश्यप, अजय कुमार पाल, संजीव कुमार पटेल, सूरज लोधी, वैभव पाल, हिमांशू पाल, कैलाश बाबू पाल, रजनीश सिंह, उदयराज, विजय कुमार, धर्मेन्द्र पाल, विनोद पाल, विजय पाल, रामबरन पाल, राकेश पाल, अनुराग पाल, संजय पाल, सुरेष कुमार, रामसवारे प्रजापति, लवकुश पाल, धर्मेन्द्र पाल, सुरेन्द्र यादव, अरविन्द यादव, मिथलेश पटेल, बब्बे पाल, रिंकू पाल, मनीष पाल, दीपक यादव एवं दिनेष यादव के साथ सैकड़ों पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार पलटी,बुजुर्ग महिला की मौत,पांच घायल

संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर में बुधवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक वैगन आर कार में जोरदार ठोकर मार दी।हादसे में वैगन आर कार पलट गई।जिससे उसमें सवार एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।वहीं पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सफीपुर थाना अंतर्गत दुबियाना निवासी हर्षित मिश्रा(21) अपनी दादी सुराजवती मिश्रा (85), चाचा रामजी मिश्रा(48) रामजी मिश्रा की बेटी गौरी (18) राम जी मिश्रा के बेटे शुभी (12) और कनक (05) को लेकर वैगन आर कार से बुधवार दोपहर बाद करीब 3:30 बजे रायबरेली रोड की ओर से अपने घर जाने के लिए किसान पथ होते हुए आगरा एक्सप्रेस वे की ओर जा रहा था। तभी सरोजनी नगर में गहरु अंडरपास के पास किसी अज्ञात वाहन ने हर्षित मिश्रा की वैगन आर कार में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वैगन आर कार पलट गई। इस हादसे में सुरजावती की मौके पर ही दर्दनाक



मौत हो गई। जबकि अन्य सभी लोग घायल हो गए।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आनन फानन सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने सुरजावती को मृत घोषित कर दिया।जबकि अन्य घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सम्पादकीय

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



मिशन
गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

> बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह



है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं। अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुई थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मुद्दा
ऋतुपर्ण दवे



# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले। खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। जब ग्रीनलैंड अमेरिका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो हो, वो उनका अंतर्मन ही जाने, लेकिन क्या नोबेल का शांति पुरस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना है कि उनका खेल कब तक चलेगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण





संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा





संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## मंडला-मकरविलक्कू



मंगलवार को पंडालम के शाही प्रतिनिधि पुनार्थम नल नारायण वर्मा, पठानमथिट्टा में मंडला-मकरविलक्कू त्योहार के खत्म होने के मौके पर 18 पवित्र सीढ़ियों से नीचे उतर रहे हैं।

## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए। *- अनिल पांडे, भिलाई*

## करंट अफेयर

# यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू


फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है।' इजराइल लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए की आलोचना करता रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि यह फलस्तीन समर्थक है। इजराइल ने समूह पर हमास से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने पूरी तरह से नकार दिया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उस नए कानून के तहत की गई है जिसके तहत आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध रखने के आरोप में संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



## ट्रेंड

### नबीन को बधाई

नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### कार्यकर्ताओं की मेहनत

आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नही देता है।
- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री



### सत्र का घटता समय

देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी ज़रूर करना चाहिये।
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### पुलिसिया दुर्व्यवहार

प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान





# तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : वैष्णव

## भारत के लिए चुनौती प्रति व्यक्ति आय को ऊंचे स्तर तक ले जाना है



दावोस। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत आने वाले कुछ वर्ष में निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि यह 2028 या उससे भी पहले संभव है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के एक सत्र में यहां वैष्णव ने कहा कि चिंता का एकमात्र विषय अमीर देशों में कर्ज का पहाड़ और उनका भारत पर संभावित असर क्या होगा है। गोपीनाथ ने कहा कि भारत के लिए चुनौती तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना नहीं है बल्कि प्रति व्यक्ति आय को ऊंचे स्तर तक ले जाना है।

वैष्णव ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में परिवर्तनकारी बदलाव हुआ है जो सुविचारित, स्पष्ट रूप से परिभाषित और बेहतर क्रियान्वयन पर आधारित है। उन्होंने बताया कि यह चार स्तंभों भौतिक, डिजिटल एवं सामाजिक अवसंरचना में सार्वजनिक निवेश, समावेशी विकास, विनिर्माण एवं नवाचार और प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर टिका है। वैष्णव ने कहा, इन सभी को प्रौद्योगिकी मंच के साथ जोड़कर हमने ऐसा ढांचा तैयार किया है जिससे अगले पांच वर्ष में भारत छह से आठ प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि, दो से चार प्रतिशत की महंगाई और 10-13 प्रतिशत की बाजार मूल्य आधारित वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री तथा सरकार की प्राथमिकता गरीबों की सुरक्षा है और इसी कारण 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। वैष्णव ने हालांकि वैश्विक स्तर पर विकसित देशों के कर्ज को लेकर चिंता जताई और कहा कि यदि बड़े पैमाने पर बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल होती है तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। गोपीनाथ ने कहा कि भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है और यह कुछ वर्षों की ही बात है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर है कि कोई बड़ी आपदा न हो। उन्होंने कहा कि मौजूदा अनुमानों के आधार पर भारत 2028 तक यह मुकाम हासिल कर सकता है और यह इससे पहले भी हो सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों में संशोधन किस आधार पर होता है। गोपीनाथ ने साथ ही कहा कि भारत में बड़े सुधार हुए हैं। भौतिक एवं डिजिटल अवसंरचना प्रभावशाली है और कर सुधार अहम रहे हैं। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को पाने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना और सुधारों की निरंतर गति बनाए रखना जरूरी है। गोपीनाथ ने भूमि अधिग्रहण, न्यायिक सुधार, श्रम बाजार की जटिलताओं और कौशल विकास को भारत की विकास यात्रा की प्रमुख चुनौतियां बताया। उद्योगपति सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत एक मजबूत स्थिति में है और निश्चित रूप से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। व्यापार जगत को सक्षम माहौल, प्रतिबद्ध सरकार और स्थिरता की जरूरत होती है जो वर्तमान में उपलब्ध है। उन्होंने वैश्विक प्रतिस्पर्धा को एक बड़ी चुनौती बताया और कहा कि भारत को अपने घरेलू बाजार एवं व्यापार समझौतों के जरिये वृद्धि के नए रास्ते तलाशने होंगे। गोपीनाथ ने प्रदूषण को भी भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इसका अर्थव्यवस्था और मानव जीवन पर भारी बोझ है और इससे युद्धस्तर पर निपटना जरूरी है। अमेरिका के ऊंचे शुल्कों के भारत की वृद्धि पर असर से जुड़े सवाल पर वैष्णव ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत वृहत आर्थिक एवं सूक्ष्म आर्थिक बुनियाद पर टिकी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में भी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादक नए बाजार तलाश रहे हैं और निर्यात में वृद्धि हुई है।

# बिहार की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जायेंगी : चौधरी



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि राज्य की सभी बंद चीनी मिलें चालू कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में काम मिले, इसके लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि बिहार में देश की सबसे बेहतर औद्योगिक नीति लागू की गई है। यहां उद्योग लगाने के लिए सरकार एक रुपए में जमीन उपलब्ध करा रही है और 15 दिनों में कर्ज मंजूर किया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य में सेमीकंडक्टर तक के कारखाने लग रहे हैं। वे समृद्धि यात्रा के दौरान सारण जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में घर-घर बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ है। एक समय था जब बिहार के शहरों में भी मुश्किल से पांच घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन आज गांवों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में एक करोड़ 90 लाख परिवारों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़कों का व्यापक जाल बिछा है। गांव-गांव ही नहीं, बल्कि गली-गली तक सड़कों का निर्माण कराया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही छपरा में एयरपोर्ट का भी निर्माण कराया जाएगा, जिससे सारण और आसपास के जिलों की संपर्क सुविधा बेहतर होगी और व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए युवा कौशल विभाग का गठन किया गया है और बिहार के युवाओं को कौशलयुक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख सरकारी नौकरी और रोजगार दिए गए हैं। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## संक्षेप

### जीप-स्कूल वैन की भिड़ंत में छात्रा की मौत, 11 बच्चे घायल

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बुधवार को जीप और स्कूल वैन की आमने-सामने की भिड़ंत में एक छात्रा की मौत हो गई और 11 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम गुदगांव में हुआ। भैंसदेही के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी)

# नेपाल में पांच मार्च को होने वाले चुनाव में चार पूर्व प्रधानमंत्री भी आजमायेंगे किस्मत

काठमांडू। नेपाल में जेन जेड के विरोध प्रदर्शनों के महीनों बाद पांच मार्च को कराए जा रहे आम चुनाव में चार पूर्व प्रधानमंत्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष और जेन-जेड आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर हुए के पी शर्मा ओली ने आगामी चुनाव के लिए झापा-5 सीट से नामांकन दाखिल किया है। वहीं, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल प्रचंड रुकुम पूर्व से किस्मत आजमा रहे हैं। दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के माधव कुमार नेपाल और प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी के बाबूराम भट्टराई ने क्रमशः रौतहट-। और गोरखा-2 निर्वाचन क्षेत्रों से नामांकन दाखिल किया है।

हालांकि, दो अन्य पूर्व प्रधानमंत्री नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता झाला नाथ खनाल इस दौड़ में शामिल नहीं हैं। नेपाल में जेन-जेड युवाओं के नेतृत्व वाले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# द्रमुक सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध है राजग



चेन्नई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तमिलनाडु में लोगों, तमिल संस्कृति और गौरव पर हमला करने वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चेन्नई में टीटीवी दिनाकरन की पार्टी अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के फिर से गठबंधन में शामिल होने के कुछ मिनट बाद, गोयल ने कहा कि राजग मिलकर काम करेगा और तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन को हराएगा। दिनाकरन के राजग में फिर से शामिल होने पर टिप्पणी करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा मैं सम्मानित और प्रसन्न हूं, व्यक्तिगत रूप से बहुत खुश हूं कि मेरे अच्छे दोस्त और वरिष्ठ नेता, और मेरे भाई दिनाकरन जी ने राजग परिवार में वापस आने का फैसला किया है। वह (दिनाकरन) 2004-2007 के दौरान मेरे पिता के साथ राज्यसभा में कार्यरत थे, और तब से मैंने उनके अच्छे काम, उनकी लोकप्रियता और उनके नेतृत्व कौशल को देखा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन और वानती श्रीनिवासन सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों भी मौजूद थे। एएमएमके के शामिल होने पर गोयल ने कहा, मेरे बड़े भाई और अन्नाद्रमुक के नेता ई के पलानीस्वामी, मेरे भाई और अच्छे दोस्त अंबुमणि रामदास (पीएमके), राजग में मेरे अन्य सहयोगी जी के वासन (तमिल मनीला कांग्रेस), हम सभी इस भ्रष्ट द्रमुक सरकार को हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, यह अक्षम द्रमुक सरकार, जो तमिलनाडु के लोगों, तमिल संस्कृति और तमिल गौरव पर हमला कर रही है, जिससे हम बहुत आहत हैं।

# राष्ट्रपति पुतिन बृहस्पतिवार को ट्रंप के विशेष दूत विटकॉफ से मुलाकात करेंगे : क्रेमलिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करेंगे। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दावोस में मंगलवार को यूक्रेन मामलों पर रूस के विशेष दूत किरिल दिमित्रीयेव और विटकॉफ तथा राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के बीच दो घंटे तक हुई बेहद ठोस वार्ता की खबरों के बीच, अमेरिकी दूत राष्ट्रपति पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को रवाना हो रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सरकारी समाचार एजेंसी तास को बताया, जी हां, हमें कल ऐसी बैठक की उम्मीद है। यह राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल है। इससे पहले, विटकॉफ ने चैनल सीएनबीसी को बताया था कि वह बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। विटकॉफ मॉस्को रवाना होने से पहले बुधवार रात को स्विट्जरलैंड में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे।

# गरीब असहाय बंदियों के लिए वरदान साबित हो रहा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम: शैलेंद्र यादव

सोनभद्र। गरीब असहाय बंदियों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम। उक्त बातें अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कही है। सचिव ने कहा कि अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत में वर्ष 2023 के हत्या के प्रयास मामले में जो दुद्धी कोतवाली क्षेत्र की घटना थी के प्रकरण में गरीब असहाय का लंबे समय से जेल में निरुद्ध बंदी अजीत पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी ग्राम बीड़र, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र के मामले में उसका कोई पैरोकार न होने पर अदालत ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराने के लिए कहा था। जिसे संज्ञान लेकर सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एलएडीसी काउंसिल को गरीब असहाय बंदी अजीत पटेल के मुकदमें की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया। जिसका नतीजा रहा कि काउंसिल द्वारा मुकदमें की प्रभावी पैरवी कर त्वरित विचारण कराया गया और अदालत ने अभियुक्त अजीत पटेल के विरुद्ध लगाए गए आरोप से साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। जबकि कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने, भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान मारने की धमकी के साथ ही जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य अदालतों से भी गरीब असहाय बंदियों की पैरवी के लिए प्राधिकरण के पास काउंसिल नियुक्त करने के लिए पत्र आ रहा है। जिसमें सत्यारमण त्रिपाठी डिप्टी चीफ एलएडीसी काउंसिल को पैरवी के लिए नियुक्त किया जा रहा है। जिसका बखूबी लाभ मिल रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य होने से गरीब असहाय बंदियों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम निश्चित तौर पर वरदान साबित हो रहा है। इसलिए निःशुल्क पैरवी के लिए गरीब असहाय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर लाभ ले सकते हैं।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी विकास सिंह उर्फ बिक्की सिंह को 20 वर्ष की कठोर कैद

सोनभद्र। करीब 3 वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 25 दिसंबर 2022 को पिपरी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी मित्रता फेसबुक के जरिए विकास सिंह उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह निवासी नेवादा कला, थाना अंतु, जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश से हो गई। उसके बाद उसे बहला फुसलाकर गुजरात भगा ले गया, जहां फर्जी आधारकार्ड बनवाकर शादी कर लिया, जबकि उस समय उसकी उम्र 17 वर्ष थी। उसके बाद उससे यौन संबंध भी बनाने लगा। इस दौरान उसने चोरी से वीडियो क्लिप भी बना लिया और उसे ब्लैकमेल कर बाहर घुमाने ले जाने लगा और गैर लोगों से सम्बंध बनाने का दबाव भी बनाया। किसी तरह अपनी मां को सारी जानकारी दी। उसकी माँ ने गुजरात पुलिस को सूचना दी तब उसकी गिरफ्तारी हुई।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र० /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कछार को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमवती यादव पति देवतारी, जाति महकुल, निवासी ग्राम कछार, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम कछार, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 435 रकबा रकबा 0.049 हे0 में से रकबा 0.012 हे० भूमि को कृषि भिन्न से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 28/01/2026 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ! आज दिनांक 14/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**रा०प्र०क० अ-121/2025-26**

**ग्राम लाउ**

**तहसील राजपुर**

**-इश्तहार-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम लाउ को सूचित किया जाती कि आवेदक श्री कवला मुडियार आ० एतवा जाति पहाड़ी कोरवा निवासी ग्रोम लाउ थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगज (छ0ग०) द्वारा अपने बड़े पिता स्व. सीरमा आ० धरमा की मृत्यु ग्राम लाउ में दिनांक 03.05.2008 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानतावश व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 30/01/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पर कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर को विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जा किया गया।

कायार्पालिक दण्डाधिकारी

राजपुर

जिला बलरामपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र० /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारराम आ० लालूराम जाति तुर्री निवासी कांतिप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम कांतिप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 304/1 रकबा 0.047 हे0 में से 0.004 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).

अम्बिकापुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी रामलखन आ० रामवृक्ष, उम्र करीब वर्ष, जाति-पनिका, निवासी-ग्राम उचडीह, चौकी बसदेई, तहसील-सूरजपुर, जिला सूरजपुर, छ.ग. हा.मु. आजाद नगर गोदरीपारा चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. छ.ग.का निवासी है। प्रार्थी के नाम पर ग्राम ऊँचडीह, प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. एवं तहसील-सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 53, 55, 414, 447, 612 रकबा क्रमशः 0.40, 0.43, 0.33, 0.20, 0.07 कुल खसरा 5 कुल रकबा 1.43 हे. स्थित है जिसका स्वामी एवं कब्जेदार प्रार्थी है तथा उपरोक्त भूमि जो पूर्व में प्रार्थी एकमात्र नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के भाई सुरदन द्वारा प्रार्थी के स्वामित्व की ग्राम उचडीह, प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. एवं तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 53, 55, 414, 447, 612 रकबा क्रमशः 0.40, 0.43, 0.33, 0.20, 0.07 कुल खसरा 5 कुल रकबा 1.43 हे. को विक्रय किये जाने का प्रयत्न किया जा रहा है जो कि अनुचित एवं गैर कानूनी है।

रामलखन आ० रामवृक्ष

निवासी ग्राम उचडीह, चौकी बसदेई, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर, छ.ग. हा.मु. आजाद नगर गोदरीपारा थाना-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)**

**रा०मा०क्र०-202512030100035/बी-121/2025-26**

**ग्राम शेखरपुर, तह०-पत्थलगांव**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम पंचायत शेखरपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, कल्पना विहार, नेहरू नगर बिलासपुर, रिटेल टेरिटरी द्वारा अनिता चौहान पति विरेन्द्र कुमार सिदार ने अपने पत्र क्रमांक आर०ई ०एफ० बी०टी०/179/एन०ओ०सी०/ जशपुर/01 दिनांक 25.11.2025 के तहत ग्राम-शेखरपुर, तहसील-पत्थलगांव, प०ह0न0 23 रा०नि०म० तमता, जिला-जशपुर, (छ०ग०) स्थित भूमि ख०न0 316/4, 318/3 पर रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु 08 प्रतियों में ले-आउट की मूल प्रति संलग्न कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु विस्तृत जांच प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर से प्राप्त हुआ है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक-04.02.2026 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार

तहसीलदार पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ०ग०)

**आधार कार्ड में नाम सुधार की सूचना पत्र**

शिवांक गोस्वामी पिता राकेश गोस्वामी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम पंचायत बड़सरा, थाना - भैयाथान, जिला - सूरजपुर छत्तीसगढ़ का आधार कार्ड क्रमांक 777822513104 है, जिसमें कि त्रुटिपूर्ण नाम शिवांग गोस्वामी (SHIVANG GOSWAMI) पिता का नाम अंग्रेजी में RAKESH GOSAWMI एवं जन्म तिथि 24/09/2009 अंकित है जबकि सही नाम शिवांक गोस्वामी (SHIVANK GOSWAMI) पिता का नाम राकेश गोस्वामी (RAKESH GOSWAMI) जन्म दिनांक 24/01/2009 है जो सही है अंकित करा कर आधार कार्ड का सुधार किया जाना है।

**आधार कार्ड में नाम सुधार की सूचना पत्र**

हिमांक गोस्वामी पिता राकेश गोस्वामी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम पंचायत बड़सरा, थाना - भैयाथान, जिला - सूरजपुर छत्तीसगढ़ का आधार कार्ड क्रमांक 550369830750 है, जिसमें कि त्रुटिपूर्ण नाम हिवांग गोस्वामी (HIWANG GOSWAMI) पिता का नाम अंग्रेजी में राकेश GOSHWAMI अंकित है जबकि सही नाम हिमांक गोस्वामी(HIMANK GOSWAMI) पिता का नाम राकेश गोस्वामी(RAKESH GOSWAMI) है जो सही है अंकित करा कर आधार कार्ड का सुधार किया जाना है।

# एसएसपी से शिकायत के बाद जांच सीओ कैंट को सौंपी, पुलिस भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

गोरखपुर। थाना खोराबार क्षेत्र के जंगल सिकरी निवासी राजेंद्र यादव के साथ कथित पुलिस उत्पीड़न, अवैध हिरासत और दबाव का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि एडीजी जोन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के संज्ञान में मामला आने के बाद ही राजेंद्र यादव को छोड़ा गया, अन्यथा स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। इस प्रकरण को लेकर पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। राजेंद्र यादव और उनके परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर हौसला सिंह के कथित दबाव में पुलिस ने उन्हें लगभग तीन दिनों तक छुपाकर रखा। इस दौरान न तो किसी थाने में विधिवत गिरफ्तारी दर्शाई गई और न ही परिजनों को कोई सूचना दी गई। परिवारजन लगातार अलग-अलग थानों और चौकियों में भटकते रहे, लेकिन हर जगह यही जवाब मिला कि राजेंद्र यादव पुलिस हिरासत में नहीं हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि समय रहते मामला एडीजी जोन और एसएसपी तक नहीं पहुंचता, तो संभव है कि आज भी राजेंद्र यादव पुलिस की हिरासत में होते और उनके परिजन उन्हें तलाशते ही रह जाते। इसी क्रम में बुधवार को राजेंद्र यादव ने एसएसपी गोरखपुर से मुलाकात कर पुलिस द्वारा कथित उत्पीड़न, अवैध हिरासत और मानसिक प्रताड़ना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी कैंट (सीओ कैंट) को सौंप दी। हालांकि जांच सीओ कैंट को सौंपे जाने के बाद भी पीड़ित पक्ष ने निष्पक्षता को लेकर आशंका जताई है। राजेंद्र यादव का आरोप है कि जिन हौसला सिंह पर पूरे मामले में दबाव बनाने और धमकी देने के आरोप हैं, वे लगातार सीओ कैंट कार्यालय में देखे जाते हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।

## मोहरसोप में पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी-बिहरपुर।** क्षेत्र अंतर्गत मोहरसोप पुलिस चौकी द्वारा ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

मोहरसोप पुलिस चौकी प्रभारी कमलेश पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों, युवाओं और वाहन चालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार से बचने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की समझाइश दी गई।।पुलिस द्वारा ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं, जिन्हें नियमों का पालन कर आसानी से रोका जा सकता है। मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए इससे बचने की विशेष अपील की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बुजुर्गों को भी यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा बच्चों को कम उम्र में वाहन न चलाने और अभिभावकों को बच्चों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। ग्रामीणों ने भी पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और नियमों का पालन करने का भरोसा दिलाया। चौकी प्रभारी कमलेश पाठक ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। ऐसे जागरूकता अभियानों से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और सुरक्षित वातावरण बनेगा।

# स्कूली बच्चों से नारेबाजी मामले में एक शिक्षकों निलंबित, दो पर कार्रवाई की अनुशंसा

## प्रशासन की जांच में लापरवाही सामने आने पर की गई कार्रवाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कांग्रेस के एक स्वागत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की मौजूदगी और नारेबाजी लगवाने के मामले को प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय गणेशपुर के प्रधान पाठक सभान

**खबर का असर**

सिंह को निलंबित कर दिया गया है वहीं प्राचार्य मूरित राम कोसरिया एवं व्याख्यात राजेश कुमार चौधरी पर कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय विद्यालयों में पदस्थ उक्त शिक्षकों को लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण कार्रवाई की गई है। मामले की जांच में शिक्षकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 03 एवं नियम 05 के विपरीत कार्य करना पाया गया। इनके द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरते जाने के कारण सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि उक्ताशय की खबर छतीसगढ़ फ्रन्ट लाइन समाचार पत्र में गुरुवार के अंक



कांग्रेस के स्वागत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की मौजूदगी और नारेबाजी ने पकड़ा सियासी तूल

भाजपा नेताओं ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

विद्यालय प्रबंधन की भूमिका पर खड़े हुए सवाल, मामले में प्रशासन गम्भीर

छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर। कांग्रेस के एक स्वागत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की मौजूदगी और नारेबाजी ने न केवल सियासी तूल पकड़ लिया है, बल्कि मामले में विद्यालय प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए है।मामले को जिस ढंग से प्रशासन ने गम्भीरता से लिया है उससे सम्भव है कि स्कूल प्रबंधन को इसका खमियाजा भी भुगतना पड़ सकता है।मंगलवार को रामानुजनगर ब्लॉक के गनेशपुर में आदिवासी कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया का स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित था।बताया गया है कि कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हसदेव प्रवास पर आए हुए थे।इस दौरान तारा जाते वक्त उनका यह कार्यक्रम था।इस कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने स्कूली बच्चों को बुला लिया जहाँ लाइन से खड़े बच्चों से हसदेव बचाओ के नारे लगवाए गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भाजपा नेताओं के कान खड़े हो गए और इस कृत्य पर न केवल भाजपा नेताओं ने नाराजगी जाहिर की बल्कि स्कूल प्रबंधन खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई।भाजपा नेताओं ने इस मामले में जहां कांग्रेस नेताओं की नैतिकता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि स्वागत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का उपयोग किया जाना कहाँ तक उचित है।भाजपा नेताओं ने यह भी कहा है कि स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में जाने की अनुमति क्यों और कैसे दे दी..?मामले का वीडियो वायरल होते और भाजपा नेताओं की नाराजगी सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले को गम्भीरता से लिया और जांच के आदेश दिए हैं। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा है कि बच्चों को बुलाया नही गया था बल्कि वे उत्सुकता वश वहां पहुँच गए थे।जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने पूछा कि बच्चे बिन बुलाए पहुँचे थे तो लाइन से खड़े क्यों किए गए है और उनसे नारेबाजी कराई जा रही है वह कहाँ तक उचित है। बताया जा रहा है कि मामले में प्राथमिक तौर पर स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है और अगर जांच में यह स्पस्ट हो जाता है तो प्रचार्य पर गाज गिर सकती है..!

जांच रिपोर्ट का इंतजार कीजिये....

जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्र ने कहा है वायरल वीडियो उन तक भी पहुँचा है और मामले की सच्चाई जानने के लिए, रामानुजनगर बीईओ को जांच के निर्देश दिए गए है।जांच रिपोट सामने आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। आपको बता दें कि बीते मंगलवार को रामानुजनगर ब्लॉक के गणेशपुर में आदिवासी कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया का स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित था।बताया गया है कि कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हसदेव प्रवास पर आए हुए थे।इस दौरान तारा जाते वक्त उनका यह कार्यक्रम था।इस कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने स्कूली बच्चों को बुला लिया जहाँ लाइन से खड़े बच्चों से हसदेव बचाओ के नारे लगवाए गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भाजपा नेताओं के कान खड़े हो गए और इस कृत्य पर न केवल भाजपा नेताओं ने नाराजगी जाहिर की बल्कि स्कूल प्रबंधन खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी।भाजपा नेताओं ने इस मामले में जहां कांग्रेस नेताओं की नैतिकता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि स्वागत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का उपयोग किया जाना कहाँ तक उचित है।भाजपा नेताओं ने यह भी कहा है कि स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में जाने की अनुमति क्यों और कैसे दे दी..?मामले का वीडियो वायरल होते और भाजपा नेताओं की नाराजगी सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले को गम्भीरता से लिया और जांच के आदेश दिए है।कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा है कि बच्चों को बुलाया नही गया था बल्कि वे उत्सुकता वश वहां पहुँच गए थे।जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने पूछा कि बच्चे बिन बुलाए पहुँचे थे तो लाइन से खड़े क्यों किए गए है और उनसे नारेबाजी कराई जा रही है वह कहाँ तक उचित है। बताया जा रहा है कि मामले में प्राथमिक तौर पर स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आई थी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्र ने मामले की सच्चाई जानने के लिए तत्काल रामानुजनगर बीईओ को जांच के निर्देश दिए थे। जांच रिपोट सामने आने के बाद शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ईआरओ चांदनी एवं ऑपरेटर आशीष होंगे सम्मानित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं संदर्भित पत्र के तारतम्य में राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए विभिन्न संभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का चयन किया गया है।

इसी क्रम में ईआरओ पुरस्कार के अंतर्गत जिला के विधानसभा क्षेत्र 05-



भटगांव की ईआरओ श्रीमती चांदनी कंवर का चयन किया गया है। उन्हें भी 25 जनवरी को इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय, रायपुर के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरस्कार हेतु आशीष कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर का चयन किया गया है। उन्हें भी राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान, नवाचार एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वाचक नामावली के अद्यतन एवं प्रबंधन में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाता है।

# कबाड़ लोड ट्रक जप्त, चालक गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में लंबे समय से बंद कबाड़ का अवैध कारोबार फिर से पैर पसारने लगा है। कोयलांचल नगरी बिश्रामपुर, भटगांव क्षेत्र सहित जिला मुख्यालय में फिर से एक बार कबाड़ व्यवसायी सक्रिय हो गए है। इस व्यवसाय पर लगाम लगाने एसएसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है बावजूद इसके कारोबारी अपनी सक्रियता बनाये हुए है। बताया गया है कि बीती मध्य रात्रि पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सूरजपुर की ओर से एक ट्रक वाहन में कबाड़ लौडकर रामानुजनगर होते हुए रायपुर जा रहा है, मामले की सूचना मिलते ही साइबर एवं रामानुजनगर पुलिस हरकत में आ गई और भुवनेश्वरपुर में उक्त ट्रक का इंतजार करने लगे तभी सूरजपुर की ओर से आ रही एक ट्रक क्रमांक सीजी 29ल 2892 को रोक कर तलाशी ली गई जिसमें कबाड़ लोड पाया गया, वाहन चालक से कबाड़ संबंधित दस्तावेज मांगे गए, चालक द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद पुलिस उक्त कबाड़ लोड ट्रक वाहन को जप्तकर चालक को रामानुजनगर थाने ले गई। जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# महाविद्यालय में शुरू हुआ युवा खेल उत्सव एवं सांस्कृतिक स्पर्धा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिहारपुर।** यहां के शासकीय नवीन महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती महान के अवसर पर युवा खेल उत्सव एवं सांस्कृतिक स्पर्धा का आयोजन प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते की अगुवाई में 21 से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। उत्सव का शुभारंभ शिवप्रताप सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष के द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष कालीचरण काशी, भाजपा महामंत्री रामनारायण यादव, भुवनेश्वर प्रताप जायसवाल तथा युवा मोर्चा महामंत्री लालमन सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शिवप्रताप ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का अमूल्य योगदान होता है। आप सभी युवा राष्ट्र की शक्ति हैं। खेल भावना के साथ खेलें, हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, उनसे निराश न हों। मनोबल ऊँचा रखकर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। जनभागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं, जिसमें खेल अनिवार्य अंग है। एकाग्रता के साथ खेलते हुए मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखें।



भाजपा महामंत्री रामनारायण ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में करियर बनाने के लिए अनुशासन और निरंतर अभ्यास आवश्यक है, जिससे जिला, राज्य और देश का नाम रोशन किया जा सके। इसी क्रम में बी. पी. जायसवाल ने मुख्य अतिथि के साथ गोला फेंक कर खेल स्पर्धाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। प्राचार्य ने भी गोला फेंक स्पर्धा में खिलाड़ियों के साथ जोश और उमंग से सहभागिता निभाई।

युवा उत्सव के दौरान महाविद्यालय में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, ऊँची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ सहित रंगोली, मेहंदी, भाषण, वाद-विवाद, निबंध, पाक कला, सलाद, केश सज्जा, शतरंज, बैडमिंटन तथा सांस्कृतिक नृत्य, गायन और नाटक की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

आयोजन हेतु महाविद्यालय स्तर पर सहायक प्राध्यापक धीरेन्द्र जायसवाल, सुश्री आभा रंजना कुजूर, अतिथि व्याख्याता सचिन मिंज, रवि कुमार, शिखा दुबे, पिंटू कुमार, रीना कुजूर, अर्जुन प्रधान, रामनिवास पटेल, क्रीड़ा प्रभारी अंदीप मिंज तथा हरिशंकर डहरिया के माध्यम से विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

## दवनकरा समिति की जांच में 60 बोरी पुराना धान जप्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार दवनकरा धान खरीदी केंद्र में जांच की गई।

जांच के दौरान पोंडी निवासी भूपेंद्र कुमार द्वारा पुराना धान विक्रय हेतु लाए जाने का मामला सामने आया। नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर कुल 60 जूट बोरी करीब 24 क्विंटल धान को वाहन सहित जब्त किया गया। जब्त धान एवं वाहन को संबंधित धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक के सुपुर्द किया गया। मामले की आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।




### छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
### सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर ( छ.ग. )
### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर, में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में **ई-ऑक्शन** किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे **ई-ऑक्शन** में भाग लेवें। **ई-ऑक्शन** से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर

नीलाम दिनांक- 29.01.2026 समय- प्रातः 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 124.230 | 2550 | 124.230 | 2550 |
| साल | 887.332 | 712 | 2010.974 | 916 | 2898.306 | 1628 |
| साजा | 11.609 | 25 | 19.421 | 70 | 31.030 | 95 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 10.384 | 71 | 10.384 | 71 |
| धावड़ा | 15.999 | 0 | 25.747 | 0 | 41.746 | 0 |
| सलैया | 0.000 | 0 | 57.032 | 14 | 57.032 | 14 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 13.671 | 0 | 13.671 | 0 |
| अन्य | 131.615 | 206 | 644.227 | 1122 | 775.842 | 1328 |
| योगः- | 1046.555 | 943 | 2905.686 | 4743 | 3952.241 | 5686 |
| जलाऊ | 689 | Chatta | 1170 | Chatta | 1859 | Chatta |

टीपः-
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर

जी-252606175/7


# रोजगार अधिकारी पर कार्रवाई की मांग, जीएसयू ने निकाली रैली, सौपा ज्ञापन

**0 फर्जी बिल के माध्यम से भुगतान मामले में अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग**
**0 डेढ़ साल से जांच लंबित, प्रशासन पर संरक्षण का आरोप**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को गोंडवाना स्टुडेंट यूनियन ने यहां जिला मुख्यालय में आमसभा व भव्य रैली निकालकर जिला रोजगार अधिकारी पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौपा है। आंदोलन रैली के मद्देनजर यहां कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुरक्षा के दृष्टिगत बेरिकेटिंग के साथ बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया था। जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी दूर देवीपुर से रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे गोंडवाना स्टुडेंट यूनियन व गोंगपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। सौपे गए ज्ञापन में जीएसयू ने गम्भीर आरोप लगाए है जिसमे कहा गया है कि चारू चित्रा साय स्वयं को मुख्यमंत्री का रिश्तेदार होने का रौब दिखाकर, सांठगांठ



कर लाइवलीहुड कालेज का प्रभारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ हैं। जहां पर जिला खनिज मद से सिलाई प्रशिक्षण के दस बैच अर्थात 300 हितग्राहियों के प्राप्त राशि में लगभग 6 लाख रूपये को जांजगीर के वसुदेव एजेंसी को फर्जी बिल और कूटरचित दस्तावेज के आधार पर चेक से प्रदाय किया गया है।

गौरतलब है वसुदेव एजेंसी जिले से बाहर का एजेंसी और वह लाइवलीहुड कालेज में न तो कोई प्रशिक्षण दिया है और न ही किसी प्रकार की कोई समाग्री सप्लाई किया है। शिकायत के बाद से डेढ़साल से मामला जांच के नाम पर लंबित है ,जब पूरा मामला स्पष्ट नजर आ रहा है कि जिला रोजगार अधिकारी द्वारा विधिविरुद्ध तरीके से शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया है।

आरोप यह भी है कि मामले में शिकायतकर्ता डी.पी.मरकाम को रोजगार अधिकारी चारू चित्रा साय की ओर से मानहानि का नोटिस और रोजगार अधिकारी को परेशान करने संबंधी शिकायतों में जांच के नाम पर पुलिस थानों का चक्कर भी लगाना पड़ा हैं। गोंडवाना स्टुडेंट यूनियन ने जिला प्रशासन पर रोजगार अधिकारी को बचाने का आरोप लगाया है। हाईकमान कमान के निर्देश पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी इस मामले पर मोर्चा खोल दिया है , गोंडवाना गणतंत्र पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य सुश्री रितु पन्दराम के दिशा निर्देश पर जीएसयू ने मोर्चा खोल दिया है और न्याय के अभाव में निर्णायक आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन का नेतृत्व गोंडवाना स्टुडेंट यूनियन के जिलाध्यक्ष रामसिंह पोया और जिला मिडिया प्रभारी डी.पी.मरकाम ने किया। बतौर अतिथि जीएसयू के प्रदेशाध्यक्ष सुश्री हंसवती श्याम, गोंगपा के सरगुजा जिलाध्यक्ष नवल सिंह वरकड़े, रामजीत आरमोर, कुमेश्वर सिंह पोया जिलाध्यक्ष गोंगपा सूरजपुर, सुश्री उमा सिंह सरूता जिलाध्यक्ष गोंगपा मातृशक्ति प्रकोष्ठ सूरजपुर,प्रेमनगर मिडिया प्रभारी अधिवक्ता सहदेव सिंह श्याम, संजय पोया ब्लाक अध्यक्ष गोंगपा रामानुजनगर, भवन सिंह उर्रे ब्लाक अध्यक्ष गोंगपा सूरजपुर, सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।


न्यायालय तहसीलदार राजपुर,
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
रा०प्र०क०.ब-121/2025-26
ग्राम अमदरी तहसील राजपुर

### ईश्तहार

एत्द द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम अमदरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति उर्मिला नगेशिया आ० स्व. रतीराम जाति नगेशिया निवासी ग्राम अमदरी थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपने पिता जी स्व. रतीराम आ० सुधी की मृत्यु ग्राम अमदरी में दिनांक 02/07/1994 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 30/01/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी राजपुर
जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.


## समस्याओं से बचने के लिए फ़रवरी माह में करें पीएम आवास निर्माण पूर्ण : जिपं सीईओ

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्य शासन से पीएम आवासों को तीव्र गति से पूर्ण करके सभी हितग्राहियों को आवास की किस्तें एवं मनरेगा अभिसरण से मिलने वाली मजदूरी राशि को प्रदाय किए जाने के निर्देश है। कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं सीईओ जिला पंचायत विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन एवं निर्देश में आवास योजना निरंतर प्रगति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कार्यों का ग्राम पंचायतवार अवलोकन करने पर भैयाथान के 29, ओड़गी के 29, प्रतापपुर के 27, प्रेमनगर के 19, रामानुजनगर के 19 एवं सूरजपुर के 38 ग्राम पंचायतें योजना के कार्यों में खराब प्रदर्शन कर रहे है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले की अध्यक्षता में संबंधित ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायत के अमले का क्रमशः तीन पालियों में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सीईओ जिपं श्री पाटले द्वारा निर्देशित किया गया है। प्लिंथ निर्माण के लिए लंबित सभी आवासों को अनिवार्य रूप से 05 फरवरी तक प्लिंथ निर्माण कराते हुए, टैगिंग किया जाना है तथा समस्त द्वितीय किस्त प्राप्त आवासों को 20 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में स्वीकृति के विरुद्ध लंबित सभी आवासों को 25 फरवरी तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही मनरेगा का 90 दिवस का राशि भी दिए जाने का कार्य पूर्ण किया जाना है। निर्धारित समयावधि में आवास पूर्ण नहीं होते है तो हितग्राहियों को मनरेगा मज़दूरी की राशि नहीं मिल पाएगी। इसी वित्त वर्ष में सभी कार्यों को पूर्ण किया जाना है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लंबित कार्यों को भी 15 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश प्राप्त है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि आवास निर्माण के लिए यह सबसे आदर्श समय है। इसमें थोड़ा भी विलम्ब करते है तो आवास लंबे समय के लिए लंबित रह जाएगा और आवास को पूर्ण करने में कठिनाई होगी। अतः सभी हितग्राही एवं टीम बाद की समस्याओं से बचने के लिए फ़रवरी माह में ही सभी आवासों को पूर्ण कर लें। उक्त बैठक में योजना के जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, जनपद से एसडीओ आरईएस, पीओ नरेगा, बीसी आवास योजना, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक व आवास मित्र उपस्थित रहें।



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

# ‘युवा उड़ान-2026’ प्रेरणा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का सशक्त मंच बना

## पद्मश्री आनंद कुमार ने अंबिकापुर में भी सुपर-30 की शुरूआत करने किया आश्वस्त

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के कला केंद्र मैदान में आयोजित युवा उड़ान कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का सशक्त मंच साबित हुआ। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार तथा विश्वविख्यात लेखक नीलोत्पल मृणाल ने युवाओं को सफलता, संघर्ष और जीवन के मूल्यों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इन्होंने कहा मुश्किलों से घबराकर पीछे हटने के बजाय, मेहनत करना चाहिए। आनन्द कुमार ने अंबिकापुर में भी सुपर 30 की शुरूआत करने की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा के युवाओं के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि उन्हें आनंद कुमार और नीलोत्पल मृणाल जैसे प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सुनने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उड़ान पंखों से नहीं, बल्कि मेहनत से मिलती है। हमारी चाह और संकल्प ही हमें लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर ऊंची उड़ान का हौसला रखना चाहिए। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा यह आयोजन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं से मंच से प्राप्त विचारों को ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिले के युवाओं को आज महान व्यक्तित्वों के अनुभवों और दृष्टिकोण को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों को साझा करते हुए युवाओं को कठिन परिस्थितियों का सामना कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसौदिया एवं पायल सिंह, महापौर मंजूषा भगत, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, अंबिकेश केशरी, पार्षद मनोज गुप्ता सहित जनप्रतिनिधिगण, अपर कलेक्टर सुनील नायक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।







### हर बच्चा नायाब और सभी में है अद्भुत हुनर-आनंद कुमार

कार्यक्रम में सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स और सफलता के मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि यहां बैठा हर बच्चा नायाब है और सभी में अद्भुत हुनर है। आवश्यकता है उस ताकत को पहचानने की और दुनिया में बेहतर कार्य कर मिसाल कायम करने की। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए जरूरी है कि जिस विषय में सफल होना है, उसी विषय को लेकर पूरी निष्ठा के साथ जीवन जिया जाए और किसी भी अन्य चीज को बीच में आने न दिया जाए। विषय समझने में कठिनाई आने पर हार मानने के बजाय निरंतर प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लगातार मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। आनंद कुमार ने कहा कि पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि रोमांचक बनाना चाहिए। आज इंटरनेट जैसे आधुनिक संसाधनों में हर समस्या का समाधान उपलब्ध है, आवश्यकता केवल सही दिशा में प्रयास करने की है। उन्होंने अपने करियर के संघर्षों और जीवन की चुनौतियों को साझा करते हुए कहा कि असुविधाएं मिलने पर पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि धारा के विपरीत चलकर भी पत्थरों को तोड़ते हुए आगे बढ़ा जा सकता है।

### जीवन में सफल होने के ये हैं चार मूल मंत्र

पद्मश्री आनन्द कुमार ने युवाओं को सफलता के चार मंत्र भी बताए। उन्होंने कहा कि पहला मंत्र प्रबल प्रयास-जब तक सफलता न मिले, प्रयास करते रहना चाहिए। दूसरा मंत्र सकारात्मक सोच-जो निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। तीसरा अथक परिश्रम-बिना रुके और बिना थके मेहनत करना ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। चौथा असीम धैर्य-यदि प्रयास तुरंत सफल न हों तो निराश नहीं होना चाहिए। धैर्य रखते हुए परिश्रम निरंतर करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। पढ़ाई को लेकर बच्चों में बढ़ते डिप्रेशन पर उन्होंने कहा कि इसमें माता-पिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। वहीं लेखक निलोत्पल मृणाल ने सरगुजा की माटी के गौरव को लेकर प्रेरक गीत सुनाया। वरिष्ठ साहित्यकार स्व. अनिरूद्ध नीरव की स्वरचित रचना का भी सुमधुर गायन किया।

### इन्होंने ग्रामीण परिवेश से विदेश तक किया सफर

सुपर 30 में ज्ञानार्जन किए शशिनारायण के धैर्य और सकारात्मक सोच को सामने लाते हुए आनन्द कुमार ने बताया कि भाई के फांसी लगाने के बाद भी यह युवक धैर्य नहीं खोया और आज इंग्लैंड में गूगल में काम कर रहा है। गांव का लड़का ब्रिटिश की लड़की से विवाह करके बेहतर जीवन जी रहा है। मंदिर में एक झोपड़ी में रहने वाली निधि झा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पढ़ने की ललक थी, और अपनी मेहनत के बदौलत आईआईटी क्वालीफाई करके पूरे देश में वह चर्चित हो गई। फ्रांस में हुए प्रीमियर शो में निधि का पूरा परिवार पहुंचा तो पेरिस, फ्रांस की सड़कों पर निधि की तस्वीर टंगी थी, जिसे देखने के बाद पूरा परिवार के खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा था। उन्होंने कहा कि सुपर 30 में मार्गदर्शन लेकर मजदूर, ठेला चलाने वाले, रिक्शा, ऑटो चलाने वाले, खेती करने वाले ईंट भट्ठा में काम करने वाले 510 बच्चों ने शिक्षा हासिल करके खुद के भविष्य को संवारा और ऊंचा मुकाम हासिल किया है।

### ऐसा कोई इम्तिहान नहीं जो प्रतिभा की गवाही दे सके

स्वयं के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आनन्द कुमार ने मंच पर लगे परदे में अपने उस घर को दिखाया, जाहं बगल से रेलवे मार्ग था, और ट्रेन के आने-जाने के दौरान ऐसा एहसास होता था, कि भूकंप आया हो। उन्होंने बताया कि पिता उन्हें हमेशा मेहनत करने के लिए प्रेरित करते थे। निराशा तब हाथ लगी, जब मेहनत करने के बाद भी परीक्षा परिणाम खराब आया। इसके बाद पिता से डांट का डर था, लेकिन उन्होंने प्रणाम किया। जब परिणाम खराब होने की बात कही तो पिता ने प्रेरित करते हुए कहा दुनिया में ऐसा कोई इम्तिहान नहीं है, जो प्रतिभा की गवाही दे सके। उन्होंने उपस्थित बच्चों से आव्हान किया कि वे अपने अंदर नई सोच को विकसित करें। कुछ भी करें, अच्छा करने की सोच रखें, सफलता जरूर मिलेगी। सतत प्रयास करते रहें, रटंत विद्या का मूल्य जीरो है।

### एक परीक्षा किसी की तकदीर का फैसला नहीं करती-मृणाल

विश्वविख्यात लेखक नीलोत्पल मृणाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा ही छत्तीसगढ़ की तकदीर है और एक परीक्षा किसी की तकदीर का फैसला नहीं करती। उन्होंने कहा कि डर से डरने के बजाय संघर्ष की आग में तपना होगा, तभी वास्तविक सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने युवाओं को चेताया कि डिप्रेशन को पैशन न बनाएं, क्योंकि डिप्रेशन और पैशन एक साथ नहीं चल सकते। यदि भीतर आगे बढ़ने का पैशन है, तो सफलता निश्चित है। मृणाल ने कहा कि संघर्ष हर व्यक्ति के आसपास मौजूद है और इसमें किसी भी प्रकार का बहाना नहीं होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि दूसरों की आकांक्षाओं को अपना बोझ बनाकर न ढोएं, बल्कि स्वयं यह निर्णय लें कि उन्हें किस क्षेत्र में जाना है और उसी लक्ष्य पर अडिग रहें। चाहे कोई भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न आएं, अपने निर्णय से विचलित नहीं होना चाहिए। यह मंच युवाओं में चेतना जगाने के उद्देश्य से है। यदि युवा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो आने वाला कल उन्हीं का होगा और वही भविष्य में इतिहास रचेंगे।

### अवसाद में शिक्षक-विद्यार्थी नहीं, रहते हैं अभिभावक

नीलोत्पल मृणाल ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के साथ इनके द्वारा किए गए कुछ सवालों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने स्वयं के आईएएस की तैयारी के दौर को स्मरण करते हुए कहा कि अजीत वसंत कलेक्टर बन गए, लेकिन वे नहीं बन पाए। उन्होंने कहा आईएएस की तैयारी के बीच मिली असफलता को देखते हुए उन्होंने सिलेबस बदलवाने के लिए आन्दोलन तक किया, और हजारों की भीड़ के बीच सरकार का नजरिया बदलने में सफल हुए, लेकिन स्वयं आईएएस नहीं बन पाए। बाद में उन्होंने ऐसा रास्ता चुना, जिससे वे मंच पर हों, और आईएएस नीचे बैठे हों। बातों ही बातों में नीलोत्पल मृणाल ने अपनी डीएसपी पत्नी का भी जिक्र किया, जो साइटिका की बीमारी से ग्रसित होने के बाद भी दरोगा से डीएसपी तक का सफर तय की, और कहा कि अवसाद की बात करने वाले शिक्षक और विद्यार्थी बताएं वे किस अवसाद में हैं। शिक्षकों को सरकार बेहतर पगार दे रही है, उनका काम बच्चों को अवसाद से निकालना है। अवसाद में विद्यार्थी नहीं उनके अभिभावक रहते हैं, जिन्हें बच्चों के भविष्य की चिंता रहती है। अपनी माटी, अपने देश से प्रेम को कायम रखते हुए मुकाम हासिल करने की बात उन्होंने कही।

# पुलिस लाइन स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच नशामुक्ति पर संवाद



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र सरगुजा के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन के सभाकक्ष में नशामुक्ति, यातायात, साइबर अपराध एवं इससे सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश अग्रवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के मार्गदर्शन में संचालित संवाद कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कर्मयोग राज्य समन्वयक आर्ट ऑफ लिविंग छत्तीसगढ़ सह काउन्सलर नवा बिहान अजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कमियों को दूर करते हुए स्वयं, परिवार, समाज, नगर, देश एवं विश्व के लिए उपयोगी बनना होगा, तभी जीवन की सही मायने में सार्थकता होगी। उन्होंने कहा नशा से स्वयं को दूर रखने एवं सभी को नशे की लत से दूर रखने के लिए प्रेरित करना है। सभी छात्र-छात्राओं को न नशा करेंगे न दूसरों को नशा करने देंगे का शपथ दिलवाया गया। वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में नशा, नशे की लत लगने के कारणों, नशे की लत के दुष्परिणाम, नशा करने वालों के लक्षण, नशा के विभिन्न उत्पादों, नशे की लत से बचने के उपाय एवं नशा छोड़ने के फायदे पर प्रकाश डाला। अभियान के समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने यातायात के प्रावधानों एवं साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड से सुरक्षा विषय पर समूह चर्चा के माध्यम से छात्र-छात्राओं की समझ को विकसित करने का प्रयास किया। साहित्यकार व मोटिवेशनल स्पीकर संतोष दास सरल ने अपने स्वरचित कविता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्यों के प्रति जागरूक किया। साथ ही स्वरचित युवा की परिभाषा कविता छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर सुनाया। कार्यक्रम का संचालन नवा बिहान की काउन्सलर अध्यक्ष उमंग महिला एवं बाल उत्थान सोसायटी ने किया। शिक्षिका कल्पना मिश्रा ने सभी अतिथि वक्ताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य स्नेहलता मिश्रा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं, उमंग सोसायटी की सदस्य रीना ठाकुर, शगुफ्ता तथा संध्या सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# मास्टरशेफ सीजन-9 में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगे भाई-बहन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सोनी टीवी के लोकप्रिय शो मास्टरशेफ इंडिया सीजन-9 में इस बार छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व भाई-बहन की जोड़ी महफूज अंसारी और यास्मिन करने जा रही हैं। यास्मिन बिलासपुर की बेटी और सरगुजा की बहू हैं। वे अपने भाई महफूज अंसारी के साथ इस प्रतिष्ठित कुकिंग शो में नजर आएंगी। यास्मीन के ससुर स्व. मकबूल हुसैन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे, जबकि उनकी सास रजिया मकबूल डाइट अंबिकापुर से प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत हैं। यास्मीन गृहणी हैं, जबकि उनके भाई महफूज अंसारी पेशे से पशु चिकित्सक हैं। दोनों भाई-बहन मिलकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। यास्मीन के पति अयाज़ मकबूल बैंगलोर में एक मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। पूरे छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग को इस भाई-बहन की जोड़ी से बड़ी उम्मीदें हैं। दर्शकों को अब इंतजार है कि यह जोड़ी मास्टरशेफ के मंच पर अपने हुनर से क्या कमाल दिखाती हैं।

# बालगृह के कर्मचारी नौकरी जाने की चिंता में पहुंचे कलेक्टर के पास



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत एनजीओ के द्वारा संचालित बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों ने गुरूवार को विभिन्न मांगों को लेकर सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से लम्बे समय से दी जा रही सेवाओं को यथावत रखने की मांग की है।

इन कर्मचारियों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से अनाथ, निराश्रित एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की सेवा पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते आ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कोरोना महामारी काल का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन दौर में, जब पूरा देश भय और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था, तब भी उन्होंने अपने परिवारों को छोड़कर बालगृह में रहकर बच्चों की देखभाल की। कोरोना काल में कई महीनों तक वे बालगृह परिसर में ही रहकर बच्चों की सुरक्षा, भोजन, इलाज, पढ़ाई और मानसिक देखभाल की जिम्मेदारी निभाते रहे। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने बच्चों को कभी भी अकेला नहीं छोड़ा। इन कर्मचारियों ने आशंका जताई है कि उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा होगा। इसका सीधा असर बालगृह में रहने वाले बच्चों की देखरेख और व्यवस्था पर भी पड़ेगा, क्योंकि वर्तमान में यहां सेवा दे रहे कर्मचारी इस कार्य में पूरी तरह से प्रशिक्षित और अनुभवी हैं। इन कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनके सेवा, अनुभव और त्याग को देखते हुए एनजीओ के द्वारा संचालित बालगृह में कार्यरत सभी कर्मचारियों को यथावत सेवा में रखा जाए, ताकि बच्चों की देखभाल की व्यवस्था बाधित न हो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालगृह के कर्मचारी उपस्थित रहे, इन्होंने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की।

# गोधनपुर के हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहा भव्य शतचंडी महायज्ञ

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के गोधनपुर मोहल्ले में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में, शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुरूप काफी संख्या में शामिल हो रहे हैं।



शतचंडी महायज्ञ के चैथे दिवस चित्रकूट से पधारे आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि संसार का सारा वैभव संसार का सारा सुख एक तरफ और आध्यात्म ऊर्जा को एक तरफ रख दो, तो जो शांति अध्यात्म ऊर्जा से प्राप्त होगी, वह संसार के वैभव से प्राप्त नहीं होगा। उन्होंने शहर व सरगुजा के माताओं, बहनों, युवाओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में पावन माघ के गुप्त नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां भगवती महामाया के चरणों की कृपा से विशाल हवनात्मक शतचंडी महायज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य के भागीदार बनें। 27 जनवरी को शाम 6 बजे सिद्ध किए हुए 551 रुद्राक्ष निःशुल्क वितरित किए जाएंगे और यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में इस यज्ञ में शामिल होकर अपना नाम दर्ज कराने कहा है, ताकि संबंधितों के नाम से रूद्राक्ष तैयार किया जा सके।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दरीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर